Jaipur, Wednesday, 29 April 2026 @Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 224 Pages 04 | ₹3.00

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN



**COOLING OFF**

Mahouts bathe Soman, an 85-year-old elephant from Kottoor Elephant Rehabilitation Centre, in Neyyar Reservoir on a hot summer day, in Thiruvananthapuram, Tuesday

## Rajasthan Eyes Green Partnerships as Danish Envoy Meets Chief Minister

**Jaipur:** In a move signalling Rajasthan's growing push toward sustainable development and global collaboration, Chief Minister Bhajanlal Sharma held a meeting with Denmark's Ambassador to India, Rasmus Abildgaard Kristensen, at the Chief Minister's residence.



Described as a courtesy call, the interaction went beyond formalities, focusing on strategic areas of cooperation including water management, renewable energy, and the dairy sector—key pillars in Rajasthan's evolving development framework. Both sides explored opportunities to leverage Denmark's expertise in sustainable technologies to address the state's resource challenges.

Discussions also highlighted the importance of green growth, with emphasis on sustainable agriculture practices and the adoption of circular economy models. Officials indicated that such collaborations could play a critical role in enhancing efficiency, reducing environmental impact, and driving long-term economic resilience in the state.

Rajasthan, which faces recurring water stress and climatic challenges, has been actively seeking international partnerships to strengthen its infrastructure and environmental strategies. Denmark, known for its leadership in clean energy and sustainability, emerges as a natural partner in this context.

While no formal agreements were announced, the meeting reflects a clear intent to deepen bilateral engagement at the state level, aligning local priorities with global sustainability goals.

## Knife Attack in Mumbai Sparks Outrage; Religious Coercion Angle Probed

FAIR REPORT

**Mumbai:** A disturbing incident from the Mira Road area has triggered widespread concern after a video surfaced showing two private security guards being attacked with a knife, allegedly after they refused to comply with a religious demand.

According to police sources, the accused—identified as 31-year-old Zubair Ansari—reportedly confronted the guards, questioned their identity, and allegedly insisted that they recite a religious verse. When they resisted, he launched a violent assault, leaving both victims injured.

The video, now widely circulated on social media, shows the guards pleading for help as the attacker continues his assault.

Officials from the Mumbai Police confirmed that the accused has been taken into custody. The injured guards have been admitted to a nearby hospital and are reported to be out of danger.

Authorities have registered a case under relevant sections of attempt to murder and other applicable laws. Investigators are also examining whether the act was premeditated and if any broader motive or affiliations are involved.

The incident has reignited debate over public safety and communal sensitivity in urban spaces. Law enforcement agencies have appealed for calm, urging citizens not to circulate unverified claims, while assuring that strict action will be taken based on evidence and due process.

## SC Emphasises Rule-Based Governance in Religious Institutions

**New Delhi:** The Supreme Court of India has underlined that religious institutions must function within a framework of rules and cannot claim absolute autonomy in matters of management. Hearing issues related to practices at places of worship, including the Sabarimala Temple, the Court observed that administrative control does not imply the absence of regulatory norms. The Bench noted that while religious bodies enjoy the freedom to manage their internal affairs, such powers are subject to constitutional principles and cannot justify arbitrary or exclusionary practices. It emphasised that order, transparency, and accountability are essential for the functioning of institutions that serve the public. The observation comes amid ongoing debates on access and equality in religious spaces. Legal experts view the remarks as reinforcing the balance between religious freedom and fundamental rights, with the Court reiterating that institutional practices must remain consistent with constitutional values.

## Decisive Governance Push: V. Srinivas Unveils Reform Blueprint for 'Viksit Rajasthan'



By Hemraj Tikamchand

**Jaipur:** V. Srinivas, Chief Secretary of Rajasthan, has set in motion a comprehensive administrative reform agenda aimed at advancing the State's 'Viksit Rajasthan' vision. During an interaction with Joint Secretaries on Monday, he called for accelerated policy reforms, process re-engineering, and deeper adoption of technology to strengthen governance outcomes.

Emphasising outcome-driven administration, Mr. Srinivas urged officials to simplify procedures, ensure time-bound clearances, and reduce bureaucratic delays. He highlighted the need to leverage digital platforms to enhance service delivery, improve transparency, and enable real-time monitoring of schemes.

Stressing inter-departmental convergence, he underscored the importance of data-driven decision-making to boost efficiency and accountability. Officials said the interaction focused on aligning departmental priorities with long-term development goals, with a clear thrust on citizen-centric governance and measurable results—signalling a decisive shift towards performance-led administration in the State.

## Gujarat's Local Polls: A Mandate for Continuity, a Warning for the Opposition




*Hemraj Tikam chand Tiwari*

By Special Feature Desk

The 2026 local body results in Gujarat indicate a decisive preference for continuity. Across municipalities, nagarpalikas, and panchayats, the BJP has secured a dominant share of seats, reinforcing its deep organisational reach and booth-level machinery. The scale of the victory suggests not merely electoral momentum but a consolidation of voter trust in governance delivery.

At the local tier, elections are less about rhetoric and more about roads, water, sanitation, and last-mile service delivery. The BJP's sustained presence in these areas—backed by administrative continuity and coordinated state–local alignment—appears to have translated into votes. The party's cadre network and data-driven campaign model also ensured efficient voter mobilisation.




The opposition's performance raises harder questions. The Congress, once a principal challenger, continues to struggle with organisational drift and leadership coherence in the state. Its inability to convert dissatisfaction—where it exists—into structured campaigns has limited its electoral traction.

For the AAP, Gujarat remains a difficult terrain. While it has attempted to pitch a governance alternative, its local footprint and cadre depth are still evolving. In local body contests, where micro-level engagement and sustained presence matter, episodic campaigning has not been sufficient to dislodge an entrenched incumbent. However, the verdict should not be read as unconditional. High-margin wins often mask service gaps at the ward level—water supply reliability, waste management efficiency, and urban planning pressures. A dominant mandate raises expectations of faster execution, transparent procurement, and measurable outcomes.

### Editorial Position:

These results are a clear endorsement of continuity, but they also heighten the responsibility of the ruling party to deliver tangible, time-bound improvements. For the opposition, the message is unambiguous: rebuild grassroots structures, present credible local leadership, and compete on delivery metrics—not just narratives. In Gujarat's local politics, performance remains the decisive currency.

## Blast on Patiala Railway Track Raises Security Concerns; KTF Link Under Probe

FAIR REPORT

**Chandigarh/Patiala:** A suspected improvised explosive device (IED) blast on a railway track near Patiala has triggered fresh security concerns, with investigators examining possible links to the banned outfit Khalistan Tiger Force (KTF). According to preliminary inputs, the explosion damaged a section of the track but did not result in casualties. Railway operations were briefly disrupted as authorities cordoned off the area and initiated repair work. Officials from the Punjab Police and central agencies reached the site to collect forensic evidence. Police sources said four suspects have been arrested in connection with the incident. Seizures reportedly include explosive material, firearms, and live cartridges. Investigators are also examining claims circulating on social media, where alleged operatives linked to KTF have taken responsibility for the blast. The role of an overseas-based handler, identified in some reports as operating from Germany, is under scrutiny, indicating a possible cross-border coordination angle. Authorities have not yet issued a formal confirmation on the authenticity of these claims. Security has been heightened across sensitive railway installations in Punjab. Officials stated that a detailed probe is underway to establish the network behind the attack and to prevent any further disruption to critical infrastructure.

## महिला अधिकारों की रक्षा के लिए निकाला मशाल जुलूस : बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता जुटे, जुलूस में शामिल होकर बड़े नेताओं ने बढ़ाया उत्साह




कांग्रेस की नकारात्मक सोच और महिला अधिकारों पर आघात के विरोध तथा मातृशक्ति के सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए मंगलवार को 'मशाल जुलूस' निकाला गया। इसका आयोजन भाजपा जयपुर शहर के तत्वावधान में किया गया था। यह विरोध प्रदर्शन अमर जवान ज्योति से अंबेडकर सर्किल तक आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और सांसद मंजू शर्मा ने भी भाग लिया। जुलूस के दौरान अनुशासनहीनता को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ नाराज भी दिखे और उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इससे पहले, फरवरी 2026 में भी जयपुर में यूजीसी कानून के खिलाफ भी मशाल जुलूस निकाला गया था।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने लगाए आरोप : भजनलाल सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए

# सेनेटरी नैपकिन में जमकर भ्रष्टाचार, इंफेक्शन का खतरा : अशोक गहलोत

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

महिलाओं और बच्चियों को राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे मुफ्त सेनेटरी नैपकिन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। गहलोत ने कहा कि भ्रष्टाचार करके घटिया क्वालिटी के सेनेटरी नैपकिन दिए जा रहे हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारी कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की महिलाओं और बच्चियों के मेंस्ट्रुअल हाइजीन व सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए 'उड़ान योजना' जैसी अभिनव पहल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी अब देशभर के स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश देकर इस दिशा में हमारे विजन की पुष्टि की है, लेकिन आज यह देखकर बेहद पीड़ा होती है।



### सरकार मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर कार्रवाई करे

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तो लगभग दो साल तक इस योजना को बंद रखा और अब वर्तमान भाजपा सरकार बालिकाओं और महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन देने की इस महत्वपूर्ण योजना में भ्रष्टाचार कर रही है। मानकों को ताक पर रखकर बच्चियों को ऐसे घटिया सैनिटरी नैपकिन बांटे जा रहे हैं, जिनसे उन्हें गंभीर इन्फेक्शन का खतरा पैदा हो गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मातृशक्ति और बेटियों के स्वास्थ्य से जुड़े इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर यह लापरवाही और भ्रष्टाचार वर्तमान सरकार की असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। सरकार अविलंब इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे और प्रदेश की बच्चियों के लिए तुरंत उच्च गुणवत्ता के नैपकिन उपलब्ध कराए।

### मेरे जन्मदिन पर कोई जयपुर ना आए

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मैसेज दिया। उन्होंने साफ शब्दों में लिखा है कि 3 मई को उनके जन्मदिन पर कोई भी जयपुर न आए। गर्मी पर चिंता जताते हुए पूर्व सीएम गहलोत ने एक्स पर लिखा, 'भारत इस समय दुनिया के सबसे गर्म देशों में है। उत्तर भारत में गर्मी और लू सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। आने वाले दिनों में यह गर्मी और बढ़ने वाली है जो बहुत चिंता का विषय है। ऐसी विकट परिस्थितियों को देखते कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से आग्रह है कि 3 मई को मेरे जन्मदिन पर कृपया जयपुर न पधारें। आप अपने स्थान पर ही सेवाकार्य कर सकते हैं। आगामी दिनों में मौसम ठीक होने पर मैं आपको निमंत्रित कर आपसे मुलाकात करूंगा।'

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला अध्यक्ष बने मीणा



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

सांगानेर निवासी मुकेश मीणा को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। सामाजिक सरोकार और मानव अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में उनके किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें यह नियुक्ति दी गई है। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने इस संबंध में पत्र जारी किया। मुकेश मीणा ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि जयपुर में मानवाधिकार से वंचित लोगों को पूरा हक मिले। साथ ही बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश पाने के लिए लोगों को जागृत करना उनका मुख्य ध्येय रहेगा। संगठन ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उसके अनुरूप कार्य करने का प्रयास करेंगे। लोग अपनी शिकायतों के लिए सीधा संपर्क कर सकते हैं।

### इंडो-यूएस ट्रेड इन्वेस्टमेंट को आगे बढ़ाएगा आईएससीसी राजस्थान चैप्टर : दीया कुमारी




**FAIR REPORT**
**जयपुर**

इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएससीसी) ने मंगलवार को जयपुर स्थित एक होटल में राजस्थान चैप्टर ऑफिशियली लॉन्च किया, जो राज्य लेवल पर इंडो-यूएस इकोनॉमिक एंगेजमेंट को गहरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। लॉन्च सेरेमनी में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में और यूएस एम्बेसी के कमर्शियल अफेयर्स मिनिस्टर काउंसलर जोनाथन हेमर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने बाइलेटरल रिलेशन में राजस्थान की बढ़ती स्ट्रेटेजिक और कमर्शियल इंपॉर्टेंस पर जोर दिया। लॉन्च सेरेमनी की शुरुआत करते हुए डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर की शुरुआत होना गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि अपनी शुरुआत से ही आईएससीसी ने भारत और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच इकोनॉमिक एंगेजमेंट को मजबूत करने, खास सेक्टर्स में ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। इसके राजस्थान चैप्टर का लॉन्च इस कोलेबोरेशन को स्टेट लेवल तक ले जाने की दिशा में एक अहम कदम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोग्रेसिव पॉलिसीज के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईएससीसी राजस्थान चैप्टर की शुरुआत राजस्थान और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच इकोनॉमिक एंगेजमेंट को गहरा करने की दिशा में एक सही समय पर उठाया गया कदम है।

# आज भी सचिन पायलट को बच्चा समझते हैं गहलोत : मदन राठौड़

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान की सियासत में इन दिनों जुबानी जंग चरम पर है। टोंक विधायक और कांग्रेस के कद्दावर नेता सचिन पायलट को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के बीच तीखी बयानबाजी का दौर जारी है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल के 'बहरूपिया' और 'बाहरी' वाले बयान से शुरू हुआ यह विवाद अब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तक पहुंच गया है।

मंगलवार दोपहर जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए मदन राठौड़ ने अशोक गहलोत के उस बयान पर चुटकी ली, जिसमें गहलोत ने कहा था कि पायलट के 'दोनों पैर कांग्रेस में हैं'। राठौड़ ने गहलोत के इस बयान को पायलट का अपमान बताते हुए कहा, "गहलोत आज भी पायलट को



बच्चा मानते हैं, जबकि वे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और कई बड़े पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। गहलोत के बयान से यह भाव झलकता है कि वे मानते हैं पायलट पहले गलती कर चुके हैं और अब बस टिके रहेंगे, कोई गड़बड़ नहीं करेंगे।" पायलट को 'बहुरूपिया' कहने वाले राधा मोहन दास अग्रवाल का बचाव करते हुए राठौड़ ने कहा, 'इसका अर्थ नकारात्मक नहीं है। सचिन पायलट का व्यक्तित्व सौम्य और प्रभावशाली है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वे रौद्र रूप भी अपना लेते हैं।

### ड्रामे की शुरुआत टोंक में हुई थी

इस पूरे सियासी ड्रामे की शुरुआत सोमवार (27 अप्रेल) को टोंक में हुई थी, जब भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने बिना नाम लिए सचिन पायलट पर तीखा प्रहार किया था। अग्रवाल ने कहा था कि टोंक का एक लंबा इतिहास रहा है, लेकिन आज एक 'बहरूपिया' वहां का विधायक बन गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह शख्स न तो टोंक का निवासी है और न ही राजस्थान का। अग्रवाल ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा था, 'मैं यूपी से हूं और राजस्थान का प्रभारी हूं, लेकिन सपने में भी यहां से विधायक बनने की नहीं सोचूंगा। किसी भी प्रदेश से व्यक्ति भेज दिया जाए और आप उसे माला पहना दें, यह राजस्थान की अवमानना है।' उन्होंने दावा किया कि अगली बार टोंक से भाजपा का प्रत्याशी ही जीतेगा।

### भाजपाध्यक्ष का मुख्य सचिव ने स्वागत किया, कांग्रेस ने कसा तंज



**जयपुर।** मुख्य सचिव वी श्रीनिवास का बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत करने पर सियासी विवाद हो गया। कांग्रेस ने इसे ब्यूरोक्रेसी की कमजोर रीढ़ से जोड़ते हुए तंज कसा। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर लिखा- जब राजस्थान का शीर्ष नौकरशाह एक राज्यसभा सांसद या सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष के सामने इस अंदाज में खड़ा दिखे, तो सवाल सिर्फ प्रोटोकॉल का नहीं, संविधान के प्रति निष्ठा और पूरी ब्यूरोक्रेसी की रीढ़ का है। डोटासरा ने लिखा- दलगत प्रभाव का प्रतीक बनती और पद की गरिमा के साथ समझौता करती शीर्ष अफसर की इस तस्वीर से क्या संदेश जाएगा। दरअसल, सीएस ने स्वागत करते हुए खुद अपने एक्स पर तस्वीरें शेयर की थी।

### सियासी वार पलटवार : सचिन के खिलाफ बीजेपी प्रभारी की टिप्पणी का विरोध

# 'भाजपा को माफी मांगनी चाहिए, यह बर्दाश्त नहीं'

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट पर बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहनदास अग्रवाल की टिप्पणी को लेकर सियासी वार पलटवार का दौर शुरू हो गया है। बीजेपी प्रभारी पर कांग्रेस नेताओं ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, कोटा से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार रहे प्रहलाद गुंजल खुलकर सचिन पायलट के समर्थन में उतर आए। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट के लिए राजस्थान भाजपा प्रभारी राधामोहन दास की अशोभनीय टिप्पणी न केवल निंदनीय है, बल्कि भाजपा की गिरती सियासी संस्कृति का उदाहरण है। राजनीति में विरोध



### अब अपमान की राजनीति पर उतर आई है भारतीय जनता पार्टी : जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक्स पर लिखा- सचिन पायलट पर राजस्थान भाजपा प्रभारी राधामोहन दास द्वारा की गई टिप्पणी बेहद अशोभनीय, निंदनीय और घटिया राजनीतिक स्तर को दर्शाने वाली है। भाजपा अब मुद्दों पर बहस करने के बजाय व्यक्तिगत आरोप और निम्न स्तर की भाषा का सहारा ले रही है। भाजपा अपने ही घोषित शुचिता और संस्कारों को तिलांजलि दे चुकी है। अब यह पार्टी संवाद नहीं, बल्कि अपमान की राजनीति पर उतर आई है। जो इनका वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। कोटा से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा- सचिन पायलट के खिलाफ टिप्पणी निंदनीय है। मैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से कहूंगा कि वे राधा मोहन दास अग्रवाल के स्वास्थ्य की जांच करवाएं। मुझे लगता है गर्मी के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।

हो सकता है, वैमनस्य नहीं। व्यक्तिगत अपमान और मर्यादा भंग करना भाजपा की आदत बन गई है। डोटासरा ने लिखा- बीजेपी लगातार शुचिता और लोकतांत्रिक संस्कारों को खत्म करने पर आमादा दिख रही है। भाजपा नेतृत्व को अपने नेताओं और पदाधिकारियों के आचरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राधामोहनजी को इस अपमानजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए।

मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने लिखा- व्यक्तिगत अपमान और मर्यादा भंग करना भाजपा की आदत बन गई है। बीजेपी लगातार शुचिता और लोकतांत्रिक संस्कारों को खत्म करने पर आमादा दिख रही है। वहीं टोंक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहनदास अग्रवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका, नारेबाजी की और शव यात्रा निकालकर विरोध जताया।

### ऊर्जा मंत्री ने की समीक्षा : कहा-राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टोरेज क्षमता का विस्तार जरूरी

# डिस्कॉम्स विकसित करेंगे विकेन्द्रित बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रदेश में डिस्कॉम्स बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके अन्तर्गत उन क्षेत्रों में बैटरी ऊर्जा भंडार प्रणाली विकसित किए जाने की योजना है, जहां पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों अथवा रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों से प्रचुर मात्रा में सरप्लस विकेन्द्रित सौर ऊर्जा उत्पन्न हो रही है। इससे सुबह और शाम के पीक ऑवर्स की विद्युत सप्लाई को मेंटेन करने में मदद मिलेगी।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को विद्युत भवन में




### 37.81 लाख उपभोक्ताओं के लगे स्मार्ट मीटर

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 37.81 लाख उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसी तरह लॉस रिडक्शन के अन्तर्गत आरडीएसएस योजना में 33 केवी के 179 नए जीएसएस बनाए गए हैं। जिससे संबद्ध क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या दूर हुई है। इसी तरह ट्रिपिंग कम करने और लोड बैलेसिंग के लिए 60 प्रतिशत फीडरों का विभाजन किया गया है। बैठक में ऊर्जा विभाग के सलाहकार नवीन अरोड़ा, अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा, तीनों वितरण निगमों के तकनीक निदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जोधपुर विद्त वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

बिजली वितरण निगमों कंपनियों की समीक्षा के दौरान इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे विद्युत आपूर्ति को बेहतर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टोरेज क्षमता का विस्तार आवश्यक है। शासन सचिव ऊर्जा एवं चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने बताया कि जयपुर, जोधपुर व अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा उत्पादित विकेन्द्रित सौर ऊर्जा का भरपूर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए स्टैंडअलोन डिसेन्ट्रलाइज बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम विकसित किए जाएंगे।

बैठक में ऊर्जा मंत्री ने स्मार्ट मीटरिंग, बिजली छीजत में कमी और गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। नागर ने स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत स्मार्ट मीटरिंग से उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग मिल रही है। उन्होंने आरडीएसएस योजना में बिजली छीजत कम करने के लिए और प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में तकनीकी और वाणिज्यिक लॉस अधिक हैं, वहां फीडर सुधार और सघन निगरानी की जाए।

### कार्यकर्ता हर-जगह कहता है हमारा काम नहीं हो रहा : भजनलाल

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- कार्यकर्ता हर जगह कहता है कि हमारा काम नहीं हो रहा है। लेकिन जहां समाधान हो, वहां मन की बात कहनी चाहिए। जहां समाधान नहीं हो, वहां कहने का कोई लाभ नहीं है। 50 जगह कहने से माहौल खराब होता है। जनता के बीच किस तरह का वातावरण बनाना है। यह हमें तय करना है। सीएम मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश योजना बैठक में यह बात कही। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक सहित प्रशिक्षण अभियान से जुड़े नेता मौजूद थे।

सीएम ने कहा-आप लोग



कहते हो कि मंत्री और विधायक काम नहीं करते हैं। लेकिन जिस खास व्यक्ति का काम लेकर आप जाते हो। वही व्यक्ति आपके लिए परेशानी खड़ी करता है। आप लोगों को जो दायित्व दिया गया है, उसे संभालो। आप का चयन बहुत सोच समझकर किया गया है। समय आने पर आपको सब मिल जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- अगर आप काम करोगे तो आपकी छवि उस हिसाब से बनेगी। संगठन ने कैमरे लगा रखे हैं, आपके हर काम पर नजर है।

RAJASTHAN
FAIR REPORT 03

## ब्रीफ खबरें

## माधव विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते 3 पदक




**आबूरोड़।** भोपाल स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय में 20 अप्रेल से 24 अप्रेल तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जू- जित्सु प्रतियोगिता में माधव विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से 3 ने पदक अर्जित कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। छात्रा वर्ग में सीता कुमारी, प्रियंका चौधरी ने कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि छात्र वर्ग में आदित्य कुमावत ने रजत पदक प्राप्त कर प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से समूचा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। टीम के प्रशिक्षक सिद्धार्थ सिंह चौहान के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनके प्रशिक्षण और रणनीति के परिणामस्वरूप टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. विष्णु चौधरी सहित विश्वविद्यालय प्रशासन ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाती हैं तथा अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा प्रदान करती हैं।

## तेरापंथ के संत प्रसन्न कुमार पंचतत्व में विलीन, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**भीलवाड़ा।** तेरापंथ धर्मसंघ के वरिष्ठ संत, आचार्य महाश्रमण जी के सुशिष्य और त्याग-तपस्या की प्रतिमूर्ति मुनि प्रसन्न कुमार मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके देवलोकगमन की सूचना मिलते ही न केवल भीलवाड़ा, बल्कि संपूर्ण मेवाड़ क्षेत्र और तेरापंथ समाज में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार सुबह तेरापंथ नगर से अंतिम यात्रा राजकीय सम्मान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई। मुनि प्रसन्न कुमार ने 24 वर्ष की अल्पायु में दीक्षा ग्रहण की थी। पिछले पांच दशकों से वे संयम और अनुशासन के पथ पर अग्रसर थे। उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर पंजाब तक देश के विभिन्न प्रांतों में पदयात्राएं कीं। उन्हें आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ और वर्तमान आचार्य महाश्रमणजी की विशेष कृपा प्राप्त थी। मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कोठारी ने बताया कि सुबह 9 बजे तेरापंथ नगर से मुनि श्री की बैकुंठी यात्रा शुरू हुई। यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शास्त्रीनगर मोक्षधाम पहुंची। रास्ते भर श्रावक-श्राविकाएं मुनि प्रसन्न कुमारजी अमर रहें के जयघोष करते रहे।

## अपील: बेटियों को टीका लगवाकर उनके सुरक्षित भविष्य की नींव रखें



**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी (ह्मन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का आगाज किया जाएगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को इस घातक बीमारी से सुरक्षित करना है। इस दौरान अभियान के पोस्टर का विमोचन करते हुए शहर विधायक अशोक कोठारी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को टीका लगवाकर उनके सुरक्षित भविष्य की नींव रखें। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण ही इस कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय है। इस मौके पर सीएमएचओ भीलवाड़ा डॉक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी स्कूलों और चिकित्सा संस्थानों में कैंप लगाए जायेंगे। इसके साथ ही कैंप में टीकाकरण को पूरी तरह से निःशुल्क किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग के स्वास्थ्य कर्मी जिले में घर-घर जाएंगे और स्कूलों में कैंसर के लक्षणों व बचाव की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। इस दौरान डॉ. अभिनव निर्वाण सहित विभाग के आला अधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे।

## सटीक जानकारी के लिए प्रतिदर्श सर्वेक्षण का विशेष अभियान प्रारंभ



**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के दौर के अंतर्गत शहर में पर्यटन गतिविधियों तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों के आकलन के लिए एक विशेष सर्वेक्षण अभियान 27 अप्रैल से 8 मई तक संचालित रहेगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ. सोनल राज कोठारी ने बताया कि जिले में पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं की पहचान, विकास एवं सुदृढ़ नीति निर्माण के लिए यह डेटा संग्रहण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विभाग के प्रशिक्षित प्रगणकों द्वारा शहर के चार चयनित ब्लॉकों में सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा, जिनमें-स्टेशन रोड, झूलेलाल मंदिर के आसपास का क्षेत्र, बड़ा मंदिर, भीमगंज स्कूल के पीछे का क्षेत्र, एफसीआई गोदाम के पास, बापू नगर एवं लेबर कॉलोनी के सामने का क्षेत्र शामिल है। उपनिदेशक ने निवासियों, व्यवसायियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि जब विभाग के अधिकृत प्रगणक पहचान-पत्र के साथ उनके द्वार पर पहुंचें, तो वे अपने प्रवास, यात्रा एवं पर्यटन से संबंधित सटीक एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

---

हत्याकांड : 12 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट, एसपी ने घटना की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें गठित की

# 6 जने लिए गए हिरासत में, 2 दिन बाद हुआ मृतक का अंतिम संस्कार

FAIR REPORT

**बांसवाड़ा**

जिले के मोटागांव थाना क्षेत्र के टामटिया गांव में युवक की नृंशस हत्या के बाद पुलिस ने 6 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद बिगड़े हालातों को देखते हुए गांव में अभी भी पुलिस फोर्स तैनात है। साथ ही गांव में हर आवाजाही पर कड़ी निगरानी भी रखी जा रही है। मृतक गोविंद के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने कुल 12 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं।



फिलहाल 6 लोगों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सोमवार को हुए पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार सुबह मृतक गोविंद का शव परिजनों को सौंपा गया। गांव में स्थिति पर काबू बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। भारी सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल के बीच परिजनों ने गोविंद का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले के अनुसंधान अधिकारी रूपसिंह का कहना है- हमने मोटागांव थाने में घटना के चश्मदीद गवाहों के बयान दर्ज कर लिए हैं। हिरासत में लिए गए 6 लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं, जिससे दोषियों को सख्त सजा मिल सके। जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद गुस्साएं लोगों ने कार्रवाई नही होने पर पुलिस पर पथराव किया था वहीं रातभर गांव के बाहर अधिकारी बैठे रहे थे। टामटिया गांव में रविवार रात को जमकर बवाल हुआ। एक युवक की हत्या के कारण हुए उपद्रव में 30 से ज्यादा घर फूंक दिए थे। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने गांव में जाने से रोक दिया था।

## चोर थाने से चुरा ले गए बाइक

**बाड़मेर।** जिले की कोतवाली में एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है। सदर पुलिस थाने से जब्त बाइक चोर चुरा कर ले गए। युवक जब बाइक लेने थाने पहुंचा तो बाइक नहीं होने पर पुलिसकर्मियों के होश उड़े गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। वहीं कोतवाली थाने से बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज करवाई है। मंगलवार को बाइक मालिक ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर बाइक दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस बाइक चोर की तलाश कर रही है। कोतवाली इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल को केआई होटल के पास शराब के नशे में बाइक चलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार किया था। इसके बाद बाइक मालिक कोर्ट के आदेशानुसार बाइक लेने के लिए कोतवाली थाने पहुंचा। कोर्ट के आदेशानुसार कॉन्स्टेबल रतनसिंह को भेजा तो वहां पर बाइक नहीं मिली। इसके बाद थाने के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

---

जांच के बाद मुख्य आरोपी 4 दिन के रिमांड पर, परिवार को दी थी मारने की धमकी

# नाबालिग से रेप, धर्म बदलने को कहा, 1 अरेस्ट

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

शहर के एक कैफे में 17 साल की नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर फेक आईडी बना कर नाबालिग से दोस्ती की। मिलने बुलाकर अश्लील वीडियो बना लिए। फिर उसे अपना असली नाम बताया और वीडियो शेयर करने की धमकी देकर रेप किया। इसके बाद नाबालिग को धार्मिक स्थल पर ले जाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा।

नाबालिग ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि युवक मुझे होटल में ले जाता तो वहां भी अपने ही धर्म की युवती का आधार कार्ड यूज करता था। आरोप है कि युवक ने उसे नमाज पढ़ने, बुर्का पहनने, घर से बाहर नहीं निकलने और परिजनों से झगड़ा कर अलग होने दबाव बनाया। मामला 20 अप्रैल का है। घटना की जानकारी हिंदूवादी संगठनों को हुई तो एसपी धर्मेन्द्र सिंह से मिले और कार्रवाई की मांग की। मामला रेप और धर्म परिवर्तन के प्रयास से जुड़ा होने पर एसपी ने मामले की जांच डीएसपी सिटी




सज्जन सिंह को सौंपी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने जांच के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के लिए 4 दिन की रिमांड पर लिया है।

वारदात में शामिल धर्मगुरु समेत अन्य की तलाश की जा रही है। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि जनवरी 2023 में आरोपी ने सोशल मीडिया पर उसे फेक नाम से रिक्वेस्ट भेजी थी। इसके बाद उसे एक कैफे में मिलने बुलाया और यहां अश्लील वीडियो बनाए और रेप किया। इसके बाद उसने अपना असली नाम बताया और कहा कि अगर किसी को बताया तो तुमको और तुम्हारे परिवार को जान से मार डालेगा। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपी ने उसे कमरे में बंद रहने को कहा और बिना हिजाब के बाहर निकलने को मना कर दिया। आरोपी ने दबाव बनाया कि अगर वह उससे बिना पूछे बाहर गई तो जान से मार कर दफना देगा। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने उसे घरवालों से लड़ने और अलग होने के लिए दबाव बनाया। कहता था कि मुझसे निकाह कर धर्म बदलना होगा। युवक ने 2025 में एक धर्मगुरु से उसे मिलवाया। आरोपी उसे एक धार्मिक स्थल पर ले गया और धर्म बदलने का दबाव बनाया। आरोपी ने कहा-यदि धर्म नहीं बदला तो पूरे परिवार को जान से मार देगा।

## डेढ़ महीने से लापता जिस बाघ को ढूंढ रहे थे, उसका कंकाल मिला

**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में 500 फीट ऊंची पहाड़ी पर मंगलवार सुबह बाघ की बॉडी मिली। यह कंकाल टाइगर आरबीटी-2402 की थी, जो डेढ़ महीने से लापता था। उसे वन विभाग की टीमें ढूंढ रही थीं। वन विभाग को अंदेशा है कि टाइगर की मौत टेरिटोरियल फाइट में हुई है। हिंदवाड़ पहाड़ी के टॉप पर पीली के खाड में जहां बॉडी मिली, उस जगह 2 अन्य टाइगर का मूवमेंट देखा जा चुका है। टाइगर आरबीटी-2402 के पिछले हिस्से में केनाइन (दांत) के निशान मिले हैं। आरबीटी-2402 साढ़े चार साल का था। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के CCF शारदा प्रताप सिंह ने बताया कि हिंदवाड़ पहाड़ी पर वनकर्मी गश्त कर रहे थे। सुबह करीब 8:15 बजे पहाड़ी के टॉप पर पीली के खाड में आरबीटी-2402 की बॉडी नजर आई। वन विभाग के अनुसार आरबीटी-2402 करीब डेढ़ महीने से मिसिंग था। जिसे ढूंढने के लिए वन विभाग की ओर से 3 टीमों का गठन किया गया था। आज टाइगर की बॉडी मिली



तो उसकी मौत की पुष्टि हुई। वन विभाग की चौकी नाका राजबाग में मेडिकल टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद टाइगर का अंतिम संस्कार किया गया। यह टाइगर बाघिन T-99 का बेटा था। CCF शारदा प्रताप सिंह ने बताया कि अक्सर 2 टाइगर के बीच जंगल में टेरिटरी को लेकर पानी के आसपास होती है। यहां भी ऐसा ही हुआ होगा। संभावना है कि हिंदवाड़ पहाड़ी के नीचे पानी के आसपास टाइगर-108 या आरबीटी-2310 से आरबीटी-2402 की टेरिटोरियल फाइट हुई हो। विभाग की जानकारी के अनुसार इस इलाके में इन दोनों टाइगर का मूवमेंट रहता है। लड़ाई में टाइगर आरबीटी-2402 पहाड़ी की टॉप पर चला गया हो, जहां उसकी मौत हो गई थी।

## बैलगाड़ी पर निकली बारात, चीन से भी आए बाराती



**पाली।** जिले के सादड़ी में बिजनेसमैन की बैलगाड़ी पर बारात निकली। चीन से आए दूल्हे दोस्त भी बाराती बने। दूल्हा सबसे आगे चल रही बैलगाड़ी में पारंपरिक वेशभूषा में बैठा था। महिलाएं लोकगीत गा रही थी। ये शादी 26 अप्रैल को हुई। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। भादरास के रहने वाले बिजनेसमैन सुरेश जणवा चौधरी ने बताया- चीन के शंघाई में इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस है। करीब 9 साल से वहीं रहकर बिजनेस कर रहा हूं। बीच-बीच में गांव आना होता रहता है। बिजनेसमैन ने बताया- मुंडारा की रहने वाली प्रवीणा से शादी 26 अप्रैल को तय हुई थी। शुरू से तय किया हुआ था बारात गाड़ियों में नहीं, बल्कि पूरी तरह पारंपरिक अंदाज में बैलगाड़ियों से ही जाएगी। बहुत से देशों का कल्चर देखा है, उनको देखकर ऐसा लगा कि मारवाड़ी कल्चर और पहनावे का बढ़ावा देना चाहिए।

---

# निशान यात्रा, कवि सम्मेलन और संकीर्तन: चंदेरिया में 20 मई से आयोजन

### 20 से 23 मई तक भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला

FAIR REPORT




**चित्तौड़गढ़ः** उपनगरीय क्षेत्र चंदेरिया में आस्था मित्र मंडल के तत्वावधान में 10वां श्री श्याम सुर संगम 20 मई से चार दिनों तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन मोहिनी एकादशी के अवसर पर मंडल सदस्यों और श्याम भक्तों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान ताली कीर्तन के माध्यम से बाबा श्याम को आमंत्रण दिया गया। मंडल संयोजक अशोक भंडारी ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 20 मई को श्याम मेहंदी और ताली कीर्तन से होगी। 21 मई को दोपहर 4 बजे कुमार वाटिका से पैदल निशान यात्रा निकलेगी, जो चंदेरिया क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सर्वोदय साधना संघ आश्रम परिसर में समाप्त होगी। 22 मई को विराट हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें दीपक पारीक (भीलवाड़ा), दिनेश 'देशी घी' (शाजापुर), प्रतीक गुप्ता (मेरठ), सपना सोनी (आगरा), संजीव सजल (भीलवाड़ा), वीरेंद्र विद्रोही (ललितपुर) और मनीष मानव (मांडलगढ़) शामिल हैं। 23 मई को रात 8 बजे से श्याम संकीर्तन होगा। इसमें हरी राजस्थानी (प्रतापगढ़), वृंदावन से पारस, माधवी और मास्टर ध्रुवंश, साथ ही प्रेम शर्मा (लक्ष्मणगढ़, सीकर) भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन के दौरान 56 भोग, आकर्षक श्रृंगार, दिव्य ज्योत और आतिशबाजी जैसे कार्यक्रम भी होंगे। श्री श्याम दरबार की सेवा निकुंभ नरेश द्वारा की जाएगी।कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह है और मंडल ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# युवाचार्य महेंद्र ऋषि का 30 अप्रैल को राजस्थान में मंगल प्रवेश

### सीमा पर भव्य अगवानी, जुलूस के साथ दिवाकर भवन तक होगा स्वागत

FAIR REPORT

**निंबाहेड़ाः** श्रमण संघ के भावी अनुशास्ता, प्रज्ञा महर्षि युवाचार्य श्री महेंद्र ऋषि का राजस्थान में मंगल प्रवेश 30 अप्रैल गुरुवार को सुबह 8:15 बजे होगा। वे आदि ठाणा-4 के साथ राज्य की सीमा में प्रवेश करेंगे। संघ संरक्षक कमलेश ढेलावत ने बताया कि युवाचार्य श्री मुंबई-पनवेल का चातुर्मास पूर्ण कर विभिन्न शहरों और गांवों में विहार करते हुए राजस्थान पहुंच रहे हैं। उनका



आगामी वर्षावास भीलवाड़ा में प्रस्तावित है। युवाचार्य पद ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला राजस्थान प्रवास होगा, जिससे मेवाड़ क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। संघ अध्यक्ष प्रवीण बोहरा के अनुसार, राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा पर समाजजनों द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। यहां से जयकारों के बीच जुलूस के रूप में दिवाकर भवन तक प्रवेश कराया जाएगा।इस अवसर पर उपप्रवर्तक कोमल मुनि, उपप्रवर्तनी साध्वी मंजूल ज्योति, साध्वी दिव्य ज्योति और साध्वी सुचेता श्री का भी सानिध्य मिलेगा। युवक परिषद अध्यक्ष अर्पित सिंघवी ने बताया कि कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस मेवाड़ प्रांत के पदाधिकारी सहित चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, उदयपुर, कपासन, फतहनगर, नाथद्वारा, बड़ी सादड़ी, नीमच, जयपुर और नई दिल्ली से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है।

---

13 विभागों की योजनाओं का गांव-गांव प्रचार, किसानों-युवाओं को जोड़ने पर जोर

# योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने निकला प्रचार रथ, विधायक कृपलानी ने दिखाई हरी झंडी

FAIR REPORT

**निंबाहेड़ा**( क्षेत्र के किसानों और आमजन तक राज्य व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से "समृद्ध किसान-खुशहाल राजस्थान" प्रचार रथ को पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर 13 विभागों की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व




में किसानों, युवाओं और आमजन के हित में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और यह प्रचार रथ उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य में डिग्गी और फार्म पॉण्ड निर्माण, कृषि यंत्रों पर अनुदान, निःशुल्क उन्नत बीज वितरण, फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा तथा सहकारी फसल ऋण पर ब्याज राहत जैसे कदम उठाए गए हैं। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसानों को मौसम आधारित जानकारी और फसल निगरानी की सुविधा भी दी जा रही है। बिजली क्षेत्र में लाखों घरेलू और कृषि कनेक्शन दिए गए हैं। पीएम सूर्य घर योजना के तहत आमजन को निशुल्क बिजली का लाभ मिल रहा है। वहीं जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन पहुंचाए जा रहे हैं। रोजगार सृजन के क्षेत्र में सरकार ने भर्तियों की प्रक्रिया शुरू की है और युवाओं को निजी क्षेत्र में भी अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा ग्रीन हाउस स्थापना, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना में नए पात्रों को जोड़ना, राम जल सेतु लिंक परियोजना और सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स जैसे कार्य प्रदेश के विकास को गति दे रहे हैं।विधायक कृपलानी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना, युवाओं को रोजगार देना और प्रदेश को विकसित बनाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक ने रथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, गब्बर सिंह अहीर, नितिन चतुर्वेदी, कपिल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।विधायक ने लोगों से अपील की कि वे प्रचार रथ के माध्यम से मिल रही जानकारी का लाभ उठाकर अधिक से अधिक योजनाओं से जुड़ें।

# Theft from temple to houses, thieves active in Chittorgarh-Nimbahera

## Temple burglary and Rs 20 lakh house theft; accused seen in CCTV, questions on security

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Theft cases are increasing rapidly in the district these days. Thieves are not only targeting empty houses but also temples. In April, repeated thefts in temples in the city and house break-ins in Nimbahera area have created fear among people. There is also growing anger over police patrolling and security arrangements.

**Temple locks broken, theft caught on CCTV**

In Chittorgarh city, a theft was reported at Rameshwar Mahadev Temple in Kailash Nagar under Kotwali police station area on Sunday late night. Thieves broke the locks of the temple and the sanctum and entered inside. They stole silver umbrellas placed on the deity and donation boxes.

The incident was recorded in CCTV around 2:15 am, where four thieves were seen. Two of them were inside the temple stealing, while others were standing outside.

On Monday morning, priest Vinod Kumar Choubisa reached the temple and found the items missing. According to him, about 350 grams of silver umbrellas, imitation jewellery (earrings and necklace) and two donation boxes were stolen. Police reached the spot and started investigation. Repeated thefts in temples have created anger in the city.





**House cleared in 13 minutes, goods worth Rs 20 lakh stolen**

In Nimbahera Kotwali police station area, a major theft took place at the house of an automobile parts businessman. The incident happened on Monday night around 9:30 pm in Jain Kushal Nagar, Amaliya Bavji Road.

Businessman Ashish Garg said that he had gone to a nearby function with his family. At around 9:28 pm, a thief entered the house and broke the locks of cupboards and lockers. Within just 13 minutes, he stole cash and jewellery worth about Rs 20 lakh.

The thief came empty-handed and used pillow covers from the house to carry the stolen items. He had covered his face with a mask. The entire incident was captured in CCTV.

The stolen items include four gold sets, two gold chains, silver anklets and about Rs 5 lakh in cash. A neighbor noticed the broken lock and informed the family. Police reached the spot and collected evidence. Investigation is ongoing.

**Earlier incidents also reported**

On April 25, a theft took place in a house on Kart-hana Phatak Road, where goods worth about Rs 9 lakh were stolen. Earlier on April 7, six men entered the house of a retired teacher in Shastri Colony, assaulted her and looted cash, jewellery and other items.

**Questions on security**

Due to continuous thefts, fear is increasing among people. Traders and residents are demanding better police patrolling and stronger security. Police are searching for the accused with the help of CCTV footage, but repeated incidents are raising serious questions on safety in the area.

# 45°C Heat Forces Change: School Timings Cut, Anganwadi Closed



**Classes from 7:30 am to 11:00 am, Take-Home Ration for beneficiaries**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Due to rising heat and heatwave warning, the district administration has taken an important decision. District Collector and Chairperson of District Disaster Management Authority, Dr. Manju (IAS), has issued orders. As per the order, under Section 30 of the Disaster Management Act-2005, from April 29, 2026 until further orders, all government and private schools from pre-primary to Class 12 will run from 7:30 am to 11:00 am. All Anganwadi centres in the district will remain closed for beneficiaries. Nutrition will be given as Take-Home Ration (THR). The Collector clarified that all staff of schools and Anganwadi centres will continue to work as per their normal duty hours. All heads of institutions have been directed to strictly follow the orders. Action will be taken under the Disaster Management Act-2005 if rules are not followed. The temperature in Chittorgarh has crossed 45°C. Strong sunlight and hot winds start from the morning, making it difficult for people to go outside. These decisions are seen as a relief, especially for children. If the heat increases further, more steps may be taken by the administration.

# OPIUM HIDDEN IN HOTEL, ACCUSED CAUGHT WITH HELP OF DOG SQUAD

**Action by ANTF and Manglwad police under Operation 'Trinetra'**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Police got another major success under the special campaign Operation 'Trinetra' against illegal drugs in the district. A joint team of Manglwad police and the dog squad raided a hotel on the national highway and recovered illegal opium and doda chura. One accused was arrested on the spot. According to information, the ANTF (Anti Narcotics Task Force) received a tip-off that illegal drugs were hidden in a hotel located on the Chittorgarh-Udaipur National Highway. Acting on this, a team led by Station House Officer Bhagwan Lal reached the spot. The dog squad, already present there, assisted in searching the hotel premises. During the search, the dog squad identified a suspicious location. From there, police recovered 41.02 grams of opium and 267 grams of doda chura. The accused, Devilal Ahir (resident of Nangakheda, Manglwad), was arrested at the spot. Superintendent of Police Manish Tripathi said that the action was taken under the instructions of Udaipur Range Inspector General Gaurav Srivastava. The operation was carried out under the guidance of Additional SP Sarita Singh and supervision of Deputy SP Deshraj Kuldeep. The Manglwad police team, along with the CID CB Udaipur dog squad, played an important role in this operation. Police are now questioning the accused to find links with other people involved in the network. This case shows that smugglers are using public places like hotels to hide drugs. However, due to police alertness and the strong detection ability of the dog squad, such methods are failing. Continuous checking on the national highway is increasing pressure on the smuggling network, and police action is weakening it further.




# Fire Safety Drill at SMS Hospital Highlights Preparedness Amid Rising Heat Risks

FAIR REPORT

**Jaipur:** In response to escalating summer temperatures and heightened fire risks, Sawai Man Singh Hospital conducted a comprehensive fire safety training session for its staff, underscoring the urgency of preparedness in critical healthcare facilities.

With temperatures in Jaipur crossing 40°C, authorities emphasised the increased likelihood of fire incidents, particularly in high-density environments such as hospitals. During the drill, fire offi-




cials demonstrated the correct use of extinguishers and other emergency equipment, guiding staff through real-time response protocols to contain small-scale fires at the initial stage.

Hospital personnel, including doctors, nurses, and support staff, actively participated in the session, which focused on rapid response, evacuation procedures, and coordination during emergencies. Special attention was given to managing risks associated with heat-waves, including preventive measures like installing coolers and air-conditioning systems to reduce overheating hazards.

Officials noted that such training is essential to minimise damage and ensure patient safety, especially in institutions handling vulnerable populations. The exercise also aimed to instil confidence among staff in handling unforeseen emergencies efficiently. The initiative reflects a broader push by local authorities to strengthen disaster preparedness across public institutions during extreme weather conditions. As heatwaves intensify, experts stress that proactive safety measures and regular drills remain critical in preventing potentially catastrophic incidents.

# UAE's Exit Signal from OPEC Seen as Strategic Boost for Trump's Energy Narrative



FAIR REPORT

**Washington/Dubai:** Indications that the Organization of the Petroleum Exporting Countries may face internal churn following signals from the United Arab Emirates about stepping away have stirred geopolitical and energy market debates, with analysts viewing the development as aligning with former U.S. President Donald Trump's long-standing criticism of the oil cartel.

The UAE's reported intent to reassess its position within OPEC comes amid ongoing tensions over production quotas and market share strategies. For years, Washington—particularly under Mr. Trump—has accused OPEC of artificially inflating oil prices through coordinated output controls, arguing that such practices burden global consumers and distort free-market dynamics.

Experts suggest that any visible fracture within OPEC could weaken the group's collective bargaining power, potentially leading to more competitive pricing in global oil markets. This, in turn, reinforces Mr. Trump's narrative that dismantling or diluting cartel-like coordination benefits energy-importing nations.

However, energy economists caution against premature conclusions. The UAE remains a significant oil producer with deep strategic ties in the Gulf, and any formal exit would have complex implications for supply stability, pricing mechanisms, and regional alliances.

Market observers note that even symbolic distancing by a key member could trigger volatility, as traders recalibrate expectations around supply discipline. For now, OPEC has not confirmed any formal withdrawal, but the signals underline evolving dynamics within one of the world's most influential energy blocs.

As global energy geopolitics enters a phase of recalibration, the UAE's move—if materialised—could mark a turning point in the balance between national interests and collective oil diplomacy.

# Collector flags off development chariots, campaign to reach every village

**Information of 13 departments for 15 days, problems to be solved on the spot**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The Gram Rath campaign, started to ensure direct reach of government schemes in rural areas, was formally launched in the district on Tuesday. District Collector Dr. Manju flagged off development chariots from the district headquarters for different assembly areas. The main aim of this campaign is to take information about government welfare schemes to villages and to solve people's



problems on the spot. The Collector directed officials to interact directly with villagers, listen to their problems carefully and ensure quick solutions. She said the success of the campaign depends on public participation and awareness. The campaign will run for the next 15 days in all five assembly areas of the district. Under this, information about schemes of 13 departments will be delivered to every village. Farmers, livestock owners, youth and women will be encouraged to take benefits of various schemes. A route chart has been prepared for every gram panchayat according to which the development chariots will visit villages as per schedule. Cultural teams will also travel with the chariots and spread awareness through performances. LED vans will display scheme information, and live location along with photos and videos will be uploaded on the departmental app. Suggestion boxes are also placed in the chariots so that villagers can give their feedback and help improve the implementation of schemes. Additional District Collector Prabha Gautam, CEO Zila Parishad Vinay Pathak, ACEO Rakesh Kumar Purohit and other officials, public representatives and staff were present on the occasion.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**